# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416
मो. : 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ...................                                                                 दिनांक : 24.09.2016

**प्रकाशनार्थ**

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में **राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह** के अवसर पर **महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूषड़ गोरखपुर के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव** ने बोलते हुए कहा कि मनुष्य के नैसर्गिक स्वभाव में सेवा है। **सृष्टि की समृद्धि और उसके विकास में मनुष्य का योगदान अग्रणी रहा है।** हर मनुष्य में मानवीय गुण मौजूद रहता है। तमाम बार वह प्रस्फुटित नहीं हो पाता और इसी कारण मनुष्य और समाज में विकृति उत्पन्न होने लगती है। राष्ट्रीय सेवा योजना मानवीय गुणों को विकसित करने तथा विकृतियों के उन्मूलन का सशक्त साधन बन सकता है।

डॉ. राव ने कहा कि **श्रम, सेवा और साधना मनुष्य की मूलभूत पहचान होनी चाहिए।** यही समाज और राष्ट्र की उन्नति का आधार है। यदि नौजवान इस मंत्र को अपने जीवन में उतार ले तो भारत का गौरवशाली भविष्य के सपने को मूर्तरूप प्रदान किया जा सकता है। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सर्वाधिक है। किसी भी देश के विकास का मानव उसके युवाओं के कौशल पर निर्भर करता है। आज बहुत आवश्यकता युवाओं में कौशल का प्रशिक्षण किया जाना है। बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना श्रेष्ठ सचेष्ठ नागरिकों द्वारा किया जा सकता है। शिक्षा ज्ञान के मार्ग का निर्धारण करती है और सेवा उसके ज्ञान को महरायी और चमक प्रदान करती है। श्रम द्वारा इसे और भी पुष्पित और पल्लवित किया जाता है। इसी विशेष उद्देश्य के निमित्त उच्च शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व और प्रतिष्ठिता अनुकरणीय है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. यशवंत राव ने कहा कि आज के समय की यह मांग है कि शिक्षण संस्थाएं केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित न रहकर योग्य और दस युवाओं की फौज खड़ा करने का प्रमुख केन्द्र बने। आज का युवा कल का आधार स्तम्भ बनेगा। इसलिए यह आवश्यक है कि उसमें सामाजिक संवेदना, मानवीय चेतना के साथ–साथ असहाय गरीब व्यक्तियों की चिंता और उनमें उत्थान हेतु दृढ़ इच्छा शक्ति निरतंर बनी रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचीन इतिहास विभाग के अध्यक्ष सुबोध कुमार मिश्र ने कहा कि आज बदलते हुए विश्व परिवेश भौतिक चकाचौंध में उलझ कर रह गया है। इस चुनौती

*(क्रमशः...2)*

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416
मो. : 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ...................

दिनांक : 24.09.2016



का सामना भारतीय गुरुकुल व्यवस्था में तलासने की जरूरत है। इसलिए आज उस दिशा में प्रयास करके आधुनिक गुरूकुल का निर्माण महत्वपूर्ण है।

आभार ज्ञापन डॉ. अविनाश प्रताप सिंह तथा संचालन इतिहास विभाग के प्रवक्ता डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. रघुबीर नारायण सिंह, डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. आरती सिंह, श्री श्रीकान्त मणि त्रिपाठी, डॉ. मनीता सिंह, सुश्री आम्रपाली वर्मा, श्रीमती कविता मन्ध्यान, डॉ. शक्ति सिंह, डॉ. राजेश शुक्ल सहित स्वयं सेवक/सेविकाएं उपस्थित रहीं।

(डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी